FTS- 45654

# ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रशासनिक कार्यालय, प्लॉट नं.-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-04, ग्रैटर नोएडा सिटी
जिला- गौतम बुद्ध नगर उ.प्र.

पत्रांक–ग्रेनो / बिल्डर्स / 2020 / 499
दिनांक 20 अगस्त, 2020

## बैठक कार्यवृत्त

दिनांक 14.08.2020 को मुख्य कार्यपालक अधिकारी महोदय द्वारा Vedio Conferencing (VC) के माध्यम से ग्रेटर नौएडा क्षेत्र के विभिन्न बिल्डर्स परियोजनाओं के ए0ओ0ए0 की समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बन्धित एसोसिएशन के अध्यक्ष, सचिव तथा संबंधित पदाधिकारियों के साथ सीधे संवाद स्थापित किये जाने के उद्देश्य से बैठक की गयी। उक्त Vedio Conferencing (VC) में सैक्टर–1 में स्थित अरिहन्त आर्डन, लोटस विला, सैक्टर–16सी में स्थित पाम ओलम्पिया, एक्जोटिका ड्रीम विला, गौरसिटी प्रथम, चतुर्थ, पंचम एवं 12वां एवेन्यू तथा सैक्टर–12 में स्थित एस.के.ए. ग्रीन मेंशन आदि सोसाइटी के ए0ओ0ए0 के अध्यक्ष / सचिव तथा नेफोमा के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्राधिकरण की ओर से अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (डी), अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (जी) तथा परियोजना विभाग से महाप्रबंधक ((परियोजना–एस.एस. / पी.के), उप–महाप्रबंधक (परियोजना / स्वास्थ्य), संबंधित वरिष्ठ प्रबंधकों तथा परियोजना, स्वास्थ्य, जलापूर्ति, सीवर, उद्यान आदि विभागों के वरिष्ठ प्रबंधकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

बैठक में निम्नलिखित प्रोजेक्ट्स / सोसाइटीज के ए0ओ0ए0 के प्रतिनिधि उपस्थित हुए –

| S.No. | Project/Society Name | AOA Representative |
|---|---|---|
| 1. | Arihant Arden, Sector-01 | Mr. Lokesh Tyagi, Secretary |
| 2. | Palm Olympia, Sector-16C | Mr. Ravi Prakash Tiwari, President |
| 3. | Exotica Dream Ville, Sector-16C | Mr. Bhanu Pratap, President |
| 4. | 1st Avenue, GC-1, Sector-16C | Mr. Deepak Gupta, President |
| 5. | 4th Avenue, GC-1, Greater Noida West | Mr. Sandeep Bansal, President |
| 6. | 5th Avenue, GC-1, Sector-16C | Mr. Pradeep Kamboj, President |
| 7. | 12th Avenue, GC-2, Sector-16C | Mr. Rakesh Ranjan, Vice President |

निम्नलिखित प्रोजेक्ट्स / सोसाइटीज के ए0ओ0ए0 के प्रतिनिधि उपस्थित नहीं हुए–

| S.No. | Project/Society Name |
|---|---|
| 1. | Lotus Villa, Sector-01, Greater Noida West |
| 2. | 10th Avenue, GC-2, Sector-16C, Greater Noida West |
| 3. | 11th Avenue, GC-2, Sector-16C, Greater Noida West |
| 4. | 16th Avenue, GC-2, Sector-16C, Greater Noida West |
| 5. | SKA Green Mansion, Sector-12, Greater Noida West |

बैठक की कार्यवाही इस प्रकार है–

**Arihant Arden, Sector-01** के प्रतिनिधि श्री लोकेश त्यागी ने अवगत कराया कि–

- प्राधिकरण द्वारा जो ट्री गार्ड लगाये गये हैं, उनकी देखभाल नहीं हो रही है एवं कुछ ट्री गार्ड चोरी हो गये हैं। ACE City से लेकर अरिहन्त आर्डन सोसाइटी तक झाड उगे हुए हैं, जिनकी कटिंग नहीं हुई है। सर्विस रोड पर इंटरलोकिंग टाईल्स लगायी जाए।
  सडक, फुटपाथ एवं ग्रीन एरिया की सफाई प्रत्येक महीने में एकबार कराने के निर्देश दिये गये।

**––कार्यवाही ( महाप्रबंधक (परियोजना– एस.एस.) / उद्यान विभाग)**

**Palm Olympia, Sector-16C** के प्रतिनिधि श्री रवि प्रकाश तिवारी ने अवगत कराया कि–

- उनकी सोसाइटी के गेट के सामने U Turn पर दुर्घटना होने के चांस रहते हैं। सर्विस रोड नहीं है। सोसाइटी के सामने 60 मी0 चौडी सडक पर फुट ओवर ब्रिज निर्माण की मांग की गयी।

**––कार्यवाही (नियोजन विभाग)**

- सोसाइटी के सामने ड्रेन की सफाई कराने की मांग की गयी।

**––कार्यवाही ( महाप्रबंधक (परियोजना–एस.एस.) / वर्क सर्किल–1)**

- स्ट्रीट डॉग की समस्या बतायी गयी, जिसके लिए Agency Heir कर ली गयी है। व्हाट्सअप ग्रुप में डॉक्टर प्रेम का मोबाईल नंबर send करने के निर्देश दिये गये।

**––कार्यवाही (स्वास्थ्य विभाग)**

**Exotica Dream Ville, Sector-16C** के प्रतिनिधि श्री भानु प्रताप ने अवगत कराया कि–

- सोसाइटी के सामने सर्विस रोड की मांग की गयी।
- सैनिटाईजेशन की मांग की गयी।

—कार्यवाही ( महाप्रबंधक (परियोजना/वर्क सर्किल–1)

- सोसाइटी के सामने 60 मी0 चौडी सडक पर फुट ओवर ब्रिज निर्माण की मांग की गयी।

—कार्यवाही (परियोजना/नियोजन विभाग)

**1st Avenue, GC-1, Sector-16C** के प्रतिनिधि श्री दीपक गुप्ता ने अवगत कराया कि–

- गौरसिंटी–1 की बैक साइड की सर्विस रोड में पानी भर जाता है। ड्रेनेज बनना है। रोड का स्लोब चेन्ज करना है।

—कार्यवाही ( महाप्रबंधक (परियोजना/वर्क सर्किल–1)

- सोसाइटी के सामने 60 मी0 चौडी सडक पर फुट ओवर ब्रिज निर्माण की मांग की गयी है।

—कार्यवाही (परियोजना/नियोजन विभाग)

**4th Avenue, GC-1, Greater Noida West** के प्रतिनिधि श्री संदीप बन्सल ने अवगत कराया कि–

- ग्रेटर नौएडा वेस्ट में कक्षा–1 से कक्षा–12 तक के लिए सरकारी स्कूल बनवाया जाये।

—कार्यवाही (परियोजना/नियोजन विभाग)

- बाउन्ड्री पर पेड लगाने की मांग की गयी, जिसके लिए श्री अजय कुमार राय, प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक (उद्यान) से सम्पर्क करने के लिए निर्देश दिये गये।

—कार्यवाही (उद्यान विभाग)

- ए0ओ0ए0 बन गयी है, हैण्ड ओवर नहीं हुई है। इसके लिए अधिकृत अधिकारियों– अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (डी) एवं अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (जी) से सम्पर्क करने के निर्देश दिये गये।

**5th Avenue, GC-1, Sector-16C** के प्रतिनिधि श्री प्रदीप कम्बोज ने अवगत कराया कि–

- सोसाइटी के पीछे गगन स्कूल के सामने जो रोड है, उसकी मरम्मत होनी है। इस सम्बन्ध में संबंधित वरिष्ठ प्रबंधक ने बताया कि सडक के कार्य के लिए अवार्ड हो गया है।
- लाईट की प्रोब्लम है, एल.ई.डी. लगाने का अनुरोध किया गया। ड्रेनेज लाईन खुली हैं, उनको ढकवाया दिया जाये ताकि कोई दुर्घटना न हो। इस संदर्भ में आवश्यक कार्यवाही करने हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिये गये।

—कार्यवाही ( महाप्रबंधक (परियोजना/वर्क सर्किल–1)

- गौर सिटी–1 के सामने रोड के दूसरी तरफ ग्रीन बिल्ट में कूडा (Dry West) डालकर जलाया जाता है, के निदान की मांग की गयी एवं ग्रीन बेल्ट की सफाई कराकर कर फेन्सिंग कराने की मांग की गयी। इस संदर्भ में यह निर्देश प्राप्त हुए कि सोसाइटी के लोग स्वयं ध्यान दें, प्राधिकरण उसमें सहयोग करेगा।

—कार्यवाही (उद्यान विभाग)

**12th Avenue, GC-2, Sector-16C** के प्रतिनिधि श्री राकेश रंजन ने अवगत कराया कि–

- सैक्टर–16सी की 24 मी0 चौडी सडक की मरम्मत कराने की मांग की गयी है।
- 10th एवेन्यू के सामने सडक, ग्रीन बेल्ट की साफ सफाई करायी जाये। सीवरेज लाईन का dead end बन्द है, एस.टी.पी. की प्रोबल्म है।
- बिना शोधन किये सीवरेज को ड्रेन में डाला जा रहा है।

—कार्यवाही ( महाप्रबंधक (परियोजना/वर्क सर्किल–1)

- ग्रेटर नौएडा वेस्ट में सरकारी अस्पताल निर्माण की मांग की गयी। इस संदर्भ में 3–4 प्राइवेट अस्पताल एवं 01 सरकारी अस्पताल हेतु भूमि उपलब्ध कराने का प्रस्ताव तैयार कराने के निर्देश प्राप्त हुए।

**——कार्यवाही ( महाप्रबंधक (परियोजना / नियोजन विभाग)**

- ग्रेटर नौएडा वेस्ट में शमशान घाट के निर्माण की मांग की गयी। शमशान घाट के लिए भूमि की उपलब्धता के सम्बन्ध में कार्यवाही किये जाने के निर्देश प्राप्त हुए।

**——कार्यवाही (नियोजन / भूलेख विभाग)**

उपरोक्त के अतिरिक्त नेफोमा के प्रतिनिधि श्री मनीष / अभिषेक ने अवगत कराया कि सडक किनारे स्पेशल पेड लगवायें जायें। ड्रेनेज खुले हैं। कल्चरल प्रोग्राम के लिए सरकारी स्टेडियम की व्यवस्था की जाये। केन्द्रीय विद्यालय की व्यवस्था की जाये। निर्देश प्राप्त हुए कि इस संदर्भ में कार्यवाही हेतु महाप्रबंधक (परियोजना– एस.एस.) के द्वारा की जायेगी। एस.टी.पी. / सॉलिड वेस्ट क्रियाशील हों, इस संदर्भ में श्री श्रीपाल भाटी, वरिष्ठ प्रबंधक से सम्पर्क करने के निर्देश प्राप्त हुए। पानी के कनेक्शन के लिए अवगत कराया गया कि गंगा वाटर आ रहा है। जहॉ पाईप लाईन नहीं हैं, प्राधिकरण को बता दें ताकि लाईन बिछवाने का कार्य किया जा सके। यह भी निर्देश प्राप्त हुए कि यदि कोई अन्य समस्याये हों तो whatsup ग्रुप पर भेज सकते हैं। सभी समस्याओ का निस्तारण करने का पूरा प्रयास किया जायेगा।

उपरोक्तानुसार बैठक की कार्यवाही सम्पन्न हुई।

(संतोष कुमार)
विशेष कार्याधिकारी

प्रतिलिपि–

1. स्टाफ आफीसर को मुख्य कार्यपालक अधिकारी महोदय के अवलोकनार्थ प्रेषित।
2. अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (डी / जी) को अवलोकनार्थ प्रेषित।
3. ~~अपर~~ महाप्रबंधक (परियोजना– एस.एस. / पी.के.) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. प्रभारी (नियोजन / उद्यान) को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. तहसीलदार, भूलेख विभाग, को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
6. प्रबंधक (सिस्टम) को प्राधिकरण की बेबसाईड पर अपलोड कराने हेतु प्रेषित।

विशेष कार्याधिकारी